ia not insignificant; the cost benefit ratio of fertiliser use has definitely improved thereby in favour otf the farmers. The Government do not, therefore subscribe to the view that the fertilisers price reduction as finally notified, is insignificant.

नैनीताल स्थित दूरभाष केन्द्र में पद का दुरुपयोग

1927. श्री लाखन सिंह : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को नैनीताल स्थित दूरभाष केन्द्र के अधिकारियों के विरुद्ध अपने पद का दुरुपयोग, अनियमितताएं, भ्रष्टाचार और अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने के सम्बन्ध में केन्द्र के कर्मचारियों से कोई प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की है या करने का विचार रखती है ?

Misuse of official position in Telephone Exchange in Nainital

1927. SHRI LAKHAN SINGH: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have received any representation from the employees of the Telephone Exchange Nainital, complaining against the officers of the Exchange for misusing their position and committing irregu-larties, indulging in corruption and ill-treating their subordinates; and

(b) if so, what action have Government taken or propose to take against the officers concerned?]

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव सई): (क) जी हां ?

(ख) कार्यवाही की जा रही है ?

t[THE MINISTER OP STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) Yes.

(b) Actions are being taken.]

कुमायूं और गढ़वाल के पहाड़ी जिलों में सिंचाई के लिए पानी की कमी

1928. श्री लाखन सिंह : क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुमायूं और गढ़वाल के पहाड़ी जिलों में सिंचाई के लिए पानी की भारी कमी है और वहां खेती करना बहुत कठिन हो गया है जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के लोगों को अपनी मेहनत का उचित प्रतिफल नहीं मिल पाता है ; और

(ख) यदि हां, तो उस क्षेत्र में इन कठिनाइयों को दूर करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली प्रस्तावित योजना का ब्यौरा क्या है ?

Scarcity of water for irrigation purposes in hill districts of Kumaon and Garhwal

1928. SHRI LAKHAN SINGH: Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that in the hilly disrict of Kumaon and Garhwal, there is an acute shortage of water for irrigation purposes and cultivation has become very difficult as a result of which the people of the region do

†[ ] English translation.